**आकाशवाणी शिमला**

**12.10.2024/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- **बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयदशमी पर्व आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास से मनाया गया– मुख्यमंत्री ने शिमला के जाखू मंदिर में किया रावण दहन।**
- **कुल्लू का अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव कल से– राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे शुभारम्भ।**
- **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज देश की 75 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का किया उद्घाटन– हिमाचल की 5 परियोजनाएं भी शामिल।**
- **एच.आर.टी.सी. ने मनाया अपना स्वर्ण जयंती समारोह– मुख्यमंत्री ने निगम के कर्मियों को महंगाई भत्ता, ओवर टाईम व चिकित्सा बिलों के भुगतान का किया ऐलान।**

**दशहरा उत्सव**

बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा आज प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शाम शिमला के श्री हनुमान मंदिर जाखू में आयोजित दशहरा उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और रिमोट का बटन दबाकर रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतलों का दहन किया। प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी रावण, कुम्भकरण और मेघनाद के पुतले जलाए गए।

इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को दशहरा उत्सव की बधाई दी है। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक ये पर्व लोगों के जीवन में नई उमंग लेकर आएगा। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि दशहरा पर्व हमारे नैतिक मूल्यों और परंपराओं को मज़बूती प्रदान करता है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी दशहरा उत्सव के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

**कुल्लू दशहरा**

उधर, कुल्लू का अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव कल से शुरू हो रहा है। एक सप्ताह तक चलने वाले दशहरा उत्सव का शुभारम्भ राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे। इस मौके पर भगवान रघुनाथ जी की रथ यात्रा निकाली जाएगी। कुल्लू के ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में सैंकड़ों देवी–देवता शोभा यात्रा में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। इस बार उत्सव के लिए 3 सौ 32 देवी–देवताओं को निमंत्रण पत्र भेजे गए हैं। दशहरा उत्सव के दौरान 25 देशों के सांस्कृतिक दल जहां अपनी प्रस्तुतियां देंगे, वहीं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव के दौरान 19 अक्तूबर को कुल्लू कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों के कार्यक्रमों व उपलब्धियों को दर्शाती झांकियां शामिल होंगी। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू 19 अक्तूबर को मेले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

इस बीच, मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने आज रथ मैदान में स्थापित हाई मास्ट लाइट का उदघाटन किया। इससे रात्रि के समय पर्याप्त रोशनी उपलब्ध होगी और रात के समय भी खेलों का आयोजन संभव होगा।

**बीआरओ परियोजनाएं**

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज सीमा सड़क संगठन –बी.आर.ओ. द्वारा दो हजार दौ सौ 36 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 75 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्‌घाटन कर इन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। इन परियोजनाओं का निर्माण अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सहित देश के 11 सीमावर्ती राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में किया गया है। रक्षा मंत्री ने 22 सड़कों, 51 पुलों और 02 अन्य विविध परियोजनाओं का उद्‌घाटन किया। इन परियोजनाओं में से 5 हिमाचल प्रदेश में शामिल हैं। वर्चुअल उद्‌घाटन समारोह में रक्षा मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के सत्ता में आने से पहले, विकास की गति रुक गई थी और पूर्वोत्तर व सीमावर्ती राज्य विकास के अवसरों से भी वंचित थे। लेकिन केंद्र में सरकार बदलने के बाद पूर्वोत्तर व सीमावर्ती राज्यों को विकास की मुख्यधारा में वापस लाया गया है। इतना ही नहीं रक्षा क्षेत्र में इन क्षेत्रों के महत्व को ध्यान में रखते हुए आवश्यक विकास को गति देने की पहल भी की गई है।

**राज्यपाल**

इस बीच, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने भी वर्चुअल माध्यम से उद्‌घाटन समारोह में भाग लिया। उन्होंने हिमाचल को 5 परियोजनाएं समर्पित करने के लिए रक्षा मंत्री का आभार जताया। इनमें मनाली–सरचू सड़क, पोवारी–पूह–खाब–शिपकिला सड़क और खाब–समदो–काज़ा–ग्रांफू सड़क पर 5 पुलों का निर्माण शामिल है। राज्यपाल ने कहा कि इन परियोजनाओं से भारत–चीन सीमा पर संपर्क और सामरिक महत्व की सड़कों, पुलों व अन्य तैयारियों को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सीमा सड़क संगठन ने रिकॉर्ड समय में इन पुलों का निर्माण किया है।

**सिकंदर कुमार**

सांसद व प्रदेश भाजपा महासचिव सिकंदर कुमार ने कहा है कि पार्टी का सक्रिय सदस्यता अभियान 16 से 31 अक्तूबर तक चलाया जाएगा। इसके लिए पार्टी के चम्बा, नूरपुर, पालमपुर, हमीरपुर, महासू और शिमला ज़िलों की कार्यशालाएं 14 अक्तूबर से आयोजित होंगी। इनमें सांसदों और विधायकों के अलावा अन्य पदाधिकारी भाग लेंगे।

**स्वर्ण जयंती समारोह**

हिमाचल पथ परिवहन निगम ने आज अपना 50वां स्थापना दिवस मनाया। शिमला में हुए स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शिरकत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने निगम के कर्मियों को 4 फीसदी महंगाई भत्ते, ओवर टाईम व चिकित्सा बिलों के भुगतान का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि निगम के कर्मियों को 55 महीने के ओवर टाईम के भुगतान के लिए 97 करोड़ 50 लाख रूपए दिए जाएंगे और ओवर टाईम की अदायगी का पूरा भुगतान अगले वर्ष 31 मार्च तक कर दिया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने लंबित चिकित्सा बिलों के भुगतान के लिए 9 करोड़ रूपए देने का ऐलान किया और बिलों की प्रतिपूर्ति अगले 2 महीने में कर दी जाएगी। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार परिवहन निगम को हर वर्ष 7 सौ करोड़ रूपए से अधिक का अनुदान देती है और इसे घाटे से उबारने के लिए निगम की कार्यप्रणाली में बदलाव लाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि निगम के लगभग 7 हज़ार 3 सौ कर्मचारियों को पुरानी पैंशन योजना का लाभ दिया गया है जबकि एक हज़ार 5 सौ 46 अनुबंध कर्मियों की सेवाएं नियमित की गई हैं। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि

पिछले 50 वर्षों में राज्य पथ परिवहन निगम ने लोगों को बेहतर सेवाएं देने के लिए ईमानदारी से काम किया है और आज लगभग 6 लाख लोग रोज़ाना निगम की बसों में सफर करते हैं।

इस मौके पर चालक पवन कुमार, हेमराज और जगननाथ को 25 साल के सेवाकाल में कोई बस दुर्घटना न करने को लेकर मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। इसके अलावा निगम के लगभग 21 अधिकारियों व कर्मचारियों को बेहतर सेवाओं के लिए विशिष्ट सेवा सम्मान दिया गया।

**इन्टर्नशिप**

प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना के अन्तर्गत एक सौ 93 कंपनियां लगभग 91 हजार इन्टर्नशिप के अवसर प्रदान करेंगी। इसके लिए आज से पंजीकरण शुरू हो गया है जो 25 अक्तूबर तक चलेगा। केन्द्र सरकार ने इन्टर्नशिप पोर्टल को प्रायोगिक परियोजना के तौर पर तीन अक्तूबर को शुरू किया था। सरकार का लक्ष्य इस वित्त वर्ष में सवा लाख इन्टर्नशिप अवसर प्रदान करना है। यह अवसर ऑनलाइन पोर्टल – पीएम इन्टर्नशिप डॉट एम सी ए डॉट जी ओ वी डॉट इन के माध्यम से प्रदान किये जा रहे हैं। इस परियोजना पर आठ सौ करोड़ रुपये की लागत आयेगी। सरकार ने पांच वर्ष के दौरान 21 से 24 वर्ष आयु वर्ग के एक करोड़ उम्मीदवारों को इन्टर्नशिप उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। इन्टर्नशिप के दौरान युवाओं को एक वर्ष के लिए पांच हजार रुपये मासिक पारिश्रमिक दिया जायेगा। उन्हें 6 हजार रुपये की एकमुश्त राशि भी दी जाएगी। इन्टर्नशिप के ये अवसर 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 7 सौ 37 जिलों में उपलब्ध होंगे। ये अवसर तेल, गैस, ऊर्जा, यात्रा, आतिथ्य, वाहन, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं जैसे 24 क्षेत्रों में मिलेंगे।

**केवल सिंह पठानिया**

उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शिक्षा, संवाद और शिक्षक कार्यक्रम के तहत आज कांगड़ा ज़िले के 2 सौ 29 शिक्षकों को टेबलेट बांटे। उन्होंने कहा कि कांगड़ा ज़िले के प्राथमिक शिक्षकों को 2 हज़ार 7 सौ 26 टेबलेट दिए जा रहे हैं और इस पहल का उद्देश्य शिक्षण कार्यों में आधुनिकीकरण को बढ़ावा देना है। केवल सिंह पठानिया ने बताया कि ज़िले में लगभग 5 सौ जे.बी.टी. अध्यापकों की भर्ती की गई है और अन्य रिक्त पदों को भी जल्द भरा जाएगा।

**स्थापना दिवस**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ– आर.एस.एस. ने आज अपना 99वां स्थापना दिवस मनाया। आर.एस.एस. की स्थापना वर्ष 1925 में विजयदशमी के शुभ अवसर पर प्रथम सरसंघचालक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में की थी। संघ के स्थापना दिवस पर नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शैक्षिक संस्थानों में सांस्कृतिक मूल्यों को विकसित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक मूल्यों की कमी के लिए कुछ ओ.टी.टी. प्लेटफॉर्म जिम्मेदार हैं और इसे कानून द्वारा नियंत्रित करने की आवश्यकता है। देशभर के विभिन्न स्थानों से स्वयंसेवकों ने इस समारोह में हिस्सा लिया। डॉक्टर भागवत ने संविधान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना, नीति निर्देशक सिद्धांत मौलिक कर्तव्य और अधिकारों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचनी चाहिए।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज मौसम आमतौर पर साफ बना रहा। जनजातीय क्षेत्रों सहित अन्य भागों में सुबह–शाम के तापमान में गिरावट जारी है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 18 अक्तूबर तक प्रदेश में मौसम साफ बना रहेगा।

## मुख्य समाचार एक बार फिर'

- बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयदशमी पर्व आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास से मनाया गया– मुख्यमंत्री ने शिमला के जाखू मंदिर में किया रावण दहन।
- कुल्लू का अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव कल से– राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे शुभारम्भ।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज देश की 75 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का किया उद्घाटन– हिमाचल की 5 परियोजनाएं भी शामिल।
- एच.आर.टी.सी. ने मनाया अपना स्वर्ण जयंती समारोह– मुख्यमंत्री ने निगम के कर्मियों को महंगाई भत्ता, ओवर टाईम व चिकित्सा बिलों के भुगतान का किया ऐलान।